# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:29 SEPTEMBER. 2025

# ‘क्लासरूम टू बोर्डरूम’ पर MLCU में हुआ प्रेरक सत्र

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमएलसीयू) में ‘क्लासरूम टू बोर्डरूम’ विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजीव अग्रवाल, चेयरमैन, एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज, मंडीदीप थे जिन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे कक्षा में प्राप्त शिक्षा, व्यवहारिक अनुभव और सकारात्मक सोच उन्हें भविष्य में कॉरपोरेट जगत तथा उद्योग प्रबंधन में सफलता दिला सकती है। डॉ. राजीव अग्रवाल ने उद्योग जगत के व्यावहारिक उदाहरण साझा करते हुए कहा कि बिजनेस में सही रणनीति, निरंतर सीख और मोटिवेशन सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी को अपने कौशल, आत्मविश्वास और दृष्टिकोण पर लगातार काम करना चाहिए, ताकि कक्षा से निकलकर वे बोर्डरूम तक की यात्रा सफलतापूर्वक तय कर सकें।



PRADESH TODAY 26-09-2025

# एमसीयू में एआई-डीपफेक पर कार्यशाला आज

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय 29 सितम्बर कोगणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में प्रातः 11 बजे से 'एआई एंड डीपफेक' विषय पर एक मास्टरक्लास और वर्कशॉप होगी। विशेषज्ञ एआई जैसी नई तकनीक के पत्रकारीय लेखन में उपयोग और डीपफेक और फेकन्यूज़ को पहचानने और उसका पर्दाफाश करने जैसे विषयों पर न केवल व्याख्यान देंगे, यह आयोजन होगा। इस आयोजन में पीटीआई नई दिल्ली के चीफ़ एडिटर (डिजिटल सर्विसेज़, एआई इंटिग्रेशन एवं फ़ैक्ट-चेकिंग) प्रत्युष रंजन, नई पीढ़ी के पत्रकारों को इन उभरती हुई तकनीकों के बारे में अवगत कराएंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH'29 SEPTEMBER.2025

# एमसीयू में 'एआई और डीप फेक' पर कार्यशाला का आयोजन आज

**वर्कशॉप**

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय (एमसीयू) में सोमवार को 'एआई एंड डीप फेक' विषय पर एक मास्टर क्लास और वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में पीटीआई नई दिल्ली के चीफ एडिटर प्रत्युष रंजन मीडिया के लोगों को तकनीकों के बारे में प्रशिक्षण देंगे। पीटीआई की फैक्ट-चेकिंग टीम में चीफ सब-एडिटर गौरव ललित और अशीषा सिंह राजपूत प्रशिक्षण सत्र का संचालन करेंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR'29 SEPTEMBER.2025

# एमसीयु में विद्यार्थियों को सिखाई जाएंगी एआई की बारीकियां, कार्यशाला आज

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय में कल 29 सितम्बर को 'एआई एंड डीपफेक' विषय पर एक मास्टरक्लास और वर्कशॉप का आयोजन कर रहा है। यह अपनी तरह का पहला ऐसा आयोजन होगा जिसमें विशेषज्ञ एआई जैसी नई तकनीक के पत्रकारीय लेखन में उपयोग और डीपफेक और फेकन्यूज को पहचानने और उसका पर्दाफाश करने जैसे विषयों पर न केवल व्याख्यान देंगे, इसका प्रायोगिक प्रशिक्षण भी देंगे। यह आयोजन गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में प्रातः 11 बजे से होगा। इस आयोजन में पीटीआई नई दिल्ली के चीफ़ एडिटर ,डिजिटल सर्विसेज़, एआई इंटिग्रेशन एवं फ़ैक्ट-चेकिंग प्रत्युष रंजन, नई पीढ़ी के पत्रकारों को इन उभरती हुई तकनीकों के बारे में और इनका जिम्मेदारी से जनहित में किस प्रकार उपयोग किया जाए, इसके बारे में प्रशिक्षण देंगे। पीटीआई की फ़ैक्ट-चेकिंग टीम में चीफ़ सब-एडिटर गौरव ललित और अशीषा सिंह राजपूत भी पांच से भी अधिक वर्षों से डीपफेक और फेकन्यूज का पर्दाफाश करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आयोजन के दूसरे सत्र में गौरव ललित और अशीषा सिंह राजपूत विद्यार्थियों के प्रायोगिक प्रशिक्षण सत्र का संचालन करेंगे। यह एक समानान्तर सत्र होगा जिसमें गौरव ललित स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को नवीन मीडिया विभाग के सभागार में जबकि अशीषा सिंह राजपूत कंप्यूटर विभाग के सभागार में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH JYOTY'29 SEPTEMBER.2025

दैनिक भास्कर भोपाल 29-09-2025

# एबीवीपी की मांग... एनएसयूआई नेता पर कड़ी कार्रवाई हो

**भोपाल** | माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के एनएसयूआई इकाई अध्यक्ष अमन कुमार पर करोड़ों रुपए की साइबर ठगी और पाकिस्तान से तार जुड़े होने के आरोप लगे हैं। एबवीपी मध्यभारत प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि यह न सिर्फ आर्थिक अपराध है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा है। उन्होंने बताया कि बिहार के मोतिहारी में एक बड़े साइबर फ्रॉड का खुलासा हुआ है, जिसमें लोगों को हर महीने 500 रुपए का लालच देकर इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक में 250 से अधिक खाते खुलवाए। इन खातों का इस्तेमाल 3 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी के पैसे के लेनदेन के लिए किया गया। आरोपियों में अमन का नाम भी शामिल है। इसने एमसीयू के इलेक्ट्रानिक मीडिया विभाग में बीएससी (इलेक्ट्रानिक) में प्रवेश लिया था। मप्र एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष आशुतोष चौकसे का कहना है कि अब अमन का एनएसयूआई से कोई रिश्ता नहीं है।